गणित प्रकाश

گنت پرکاش حصہ دوم

दूसराभाग

बसेहत पंडित नथमल्ल गुसाई
जिस्को
श्रीमन्महाराजधिराज पश्चिम देशा
धिकारी श्रीयुत नव्वाब
लफ्टेनेन्ट गवर्नर बहा
दुरकी आ
ज्ञानु
सार
पण्डित श्रीलालने बनाया और श्रीमद्विद्या
सम्पन्न श्रीमान् साहिब डैरैक्टर बहा
दुर आफ़ पब्लिक इन्स्ट्रकशन पश्चिमोत्तर
व अवद देशीय की अनुमती में अ
वध देशीय पाठशालाओं के विद्यार्थी
ओं के लिये

देहली

मत बअ अंजेव काशी में मुन्शी शादीला
ल के एहत्माम से छापा गया॥
सम्वत १९४५

श्री गणेशाय नमः॥

गणित प्रकाश

दूसरा भाग

गणित के उपयोगी चिन्ह

+ ये चिन्ह जोड़ने का है जिन संख्याओंके बीचमें ये चिन्ह होता है, उनका योग जान्ते हैं जैसा ४+५ लिखनेसे जाना जाता है कि ४ और ५ का योग करना है और इसी चिन्ह को धन चिन्हभी कहते हैं॥

− ये चिन्ह जिस संख्या के बांई ओर हो वो संख्या दाईं ओर वाली संख्या में घटानी चाहिये जैसा ५−३ इसका अर्थ येहै कि ५में से ३ घटाते हैं इस चिन्ह को ऋण चिन्ह कहतेहैं॥

× ये गुणन का चिन्ह है जिस संख्याओंके बीचमें ये चिन्ह होताहै उन का घात जान्ते हैं जैसा ३×४ इन का अर्थ ये है कि ३से ४को गुणा करके गुणन फल जानना है॥ जैसा ३×४=१२ है

÷ ये भाग देने का चिन्ह है इस चिन्हके बांई ओर भाज्य और दाहिनी ओर भाजक होता है जैसा ८÷२ इस्का ये अर्थ है कि ८में २का भाग देना है

= येतुल्य का चिन्ह हैजिन दो राशों के बीचमें ऐसा चिन्ह देख वो उन्हें तुल्य जानो जैसा २+३=५वा ७−४=३वा ४×३=१२ वा १२÷३= ४॥

: :: : ये अनुपात के चिन्ह हैं अनुपात में चार राशें होती हैं उनके बीचमें ये चिन्ह होता है जैसा ५:१०::३:६ इस्का अर्थ येहै कि पहिली राशि से जितनी गुणी दूसरी राशि है उतनेही गुणी तीसरी से चौथी राशि है॥

√ ये मूल का चिन्ह है जैसे √२५ वा ²√२५ √२५ से २५का वर्ग मूल जानो और ³√२७ से २७ का घन मूल जानो आदि॥

॥अथ त्रैराशिक॥

इस गणित का नाम त्रैराशिक इस कारण सेहै कि इसमें तीन राशें जानी हुई होती हैं और इनसे अज्ञात चौथी राशि जानी जाती है और जानी

हुई तीन राशोंमें दो राशें एक जातिकी होती हैं तीसरी राशि और जाति की होती है और उत्तरभी उसी जाति का आता है ॥

राशों के रखने की रीति है ॥

वे तीन राशें एक आड़ी पंक्ती में लिखी जाती हैं जैसा

क ग न

और देखो कि इसमें उत्तर कौन जाति का आवेगा उस जाति की राशि को तीसरे स्थान पर रक्खो और सोचो कि प्रश्न का उत्तर इस तीसरी राशि से अधिक आवेगा वा न्यून कदाचित अधिक आता देखोतो उस एक जाति की दो राशों में से बड़ी राशि को दूसरे और छोटी को पहिले स्थान पर रक्खो और जो उत्तर तीसरी राशि से छोटा जाना जाय तो छोटी राशि को दूसरे और बड़ी को पहिले स्थान पर स्थापन करो इसी प्रकारसे प्रश्न की राशों को रख कर देखे कि पहिले और दूसरे स्थान वाली एक जाती की राशों में हीन और उच्च जाति का तो भेद नहीं है-और कदाचित होतो उन दोनों को एक जाति करलो और तीसरी मिश्र राशि होतो उसमें जो हीन जाति हो उस जाति की तीसरी राशि को करलो॥ दूसरे और तीसरे स्थान वाली राशी को आपस में गुणा करलो और इस गुणन फलमें पहिली राशि का भाग दो जो लब्ध मिले वो उत्तर होगा परन्तु तीसरी राशि को हीन जाति किया होतो उत्तरभी हीन जाति का होगा फिर उसकी उच्च जाति करलो॥

और इस बात को भी ध्यान में रक्खो कि पहिली राशिमें जिस संख्या का निश्शेष भाग लग जाता है और उस संख्या ही की दूसरी और तीसरी राशि में से निश्शेष भाग लग सक्ता है तो भाग देके लब्धि लेलो और उन लब्धिओं को अपने २ स्थान पर रखलो फिर भी इसी रीति से देखो कि पहिली राशि में जिस का भाग लगता हो उसका दूसरी वा-तीसरी में लग सक्ता हो तो फिरभी भाग देलो यहां तक करलो कि पहिली और शेष दो राशों में एक के सिवाय किसी और संख्या का भाग लग सके

उदाहरण

(१) जो एक काम को ६ मनुष्य १० दिनमें करते हैं तो उसी काम को १२ मनुष्य के दिनमें करेंगे ॥

मनुष्य　　मनुष्य　　दिन
१२　　६　　१०
　　　　　　६
१२) ६० (दिन ५ उत्तर
　　६०
　　००

(२) दो रुपये चार आने मन गुड़ है तो एक रुपये का कितना आवेगा ॥

रुपया　　रुपया　　गुड़
२।)　　१)　　१) मन
१६　　१६　　४०
३२　　१६　　४०
४　　४०
३६　　६४०

३६) ६४० (१७ सेर
　　३६
　　२८०
　　२५२
　　२८
　　१६
　　१६८
　　२८
३६) ४४८ (१२
　　३६
　　८८
　　७२
　　१६

उत्तर सेर १७ छटांक १२ $\frac{१६}{३६}$

(३) सत्रह रुपये छै आने तोला सोने का भाव है तो साढ़े चार तोले सोना कितने का आवेगा ॥

३)) : ४))६ :: १७।=)

३)) :	४))६ ::	१७।=)
१२	१२	१६
१२	४८	१०२
	६	१७
	५४	२७२
		६
		२७८
		५४
		११२
		१३६०

१२) १५०१२ (१२५१

१६) १२५१ (७८३) उत्तर

११२

१३१

१२८

३

(४) प्रश्न ॥ एक कूए को कितने ही मनुष्य ३० दिन में खोदते हैं कि दिनमान छै घन्टे काहै परन्तु जो दिन मान ८ घन्टे का होतो येही मनुष्य उस कूए को कितने दिनमें खोदेंगे ॥

घन्टे ८ : घन्टे ६ :: दिन १०

$\frac{३० \times ६}{८} = \frac{५ \times २ \times ६}{४ \times २} = \frac{५ \times ६}{४} = \frac{५ \times ३ \times २}{२ \times २}$

$= \frac{५ \times ३}{२} = \frac{१५}{२} =$ दिन $७\frac{१}{२}$ उत्तर

(५) प्रश्न ॥ २७ हाथ ऊंचीभीत बनानी है उसमेंसे ९ हाथ तो १२ मनुष्योंने ६ दिनमें बनाई शेष भीत का ४ दिनमें बनाना चाहितो कितने मनुष्य लगाने चाहियें ॥

दिन ४ : दिन ६ :: मनुष्य १२

$\frac{१२ \times ६}{४} = \frac{४ \times ३ \times ६}{४} = \frac{३ \times ६}{१} =$ उ० मनुष्य १८

ये १८ मनुष्य चार दिनमें ९ हाथ बनाते हैं शेष १८ हाथ को इनसे दूने ३६ मनुष्य बनासकेंगे ॥

(६) प्रश्न ॥ कि मनुष्य का वरसौड़ी के ८७५) रुपये हैं उसे अठवाड़े का क्या देना चाहिये यहां ५२ अठवाड़ों का एक वर्ष जानो ॥

उत्तर १६॥।-) २ १०/१३ पाई ॥

(७) प्रश्न ॥ ३० मनुष्य एक खेत को ११ दिनमें काटें तो वैसे ४ खेतों को उस समय के पंच मांश में कितने लोग काट सकेंगे ॥ उत्तर मनुष्य ६०० ॥

(८) प्रश्न ॥ एक बैल की चराई प्रति दिन -)११ पाई होती है तो साल भर में ११ बैलों की चराई क्या होगी और यहां साल ३६५ दिनो का जानों ॥

उत्तर ४८०।।।=) ५ पाई

(९) प्रश्न ॥ २७ गायें एक खेत की घास को १२ दिनमें चरती है तो ४० गायें उसी खेत की घास को कितने दिनों में चरेंगी ॥ उत्तर दिन ८ ३/१०

(१०) प्रश्न ॥ एक गढ में कुछ सिपाही घिरगये उनके पास जो सामान था उसमें प्रति दिन फ़ी सिपाही को २० छटांक के हिसाब से दिया बता और ५ महीने तक खाने को होता और प्रति दिन फी आदमी को १२ छटांक के हिसाब से दिया जाय तो कितने समय को वो सामान होगा ॥

उत्तर महीने ८ दिन १०

(११) प्रश्न ॥ किसी धरती का महसूल फी वीघे साल भरमें २=) ६ पाई देना पड़ता है तो तीन महीनेमें ५०० वीघे ज़मीन पर क्या देना पड़ेगा ॥

उत्तर २७७।-) ६ पाई

(१२) प्रश्न ॥ फ़ी आदमी को एक महीनेमें १।=) ६ पाई मिलता है तो ३२ महीनेमें ६४० आदमिओ को क्या मिलेगा ॥ उत्तर २८८००) रुपये ॥

(१३) किसी काम को दस मनुष्य १२ दिनमें कर सक्ते हैं तो उसी काम को ३ दिनमें के मनुष्य कर सकेंगे ॥ उत्तर मनुष्य ४०

(१४) प्रश्न ॥ सवा रुपये के मालपे तीन आने छे पाई महसूल लगता हो तो ८३२) रुपये २ आने ८ पाई के माल पे क्या लगेगा ॥

उत्तर १६३=) ४/५ पाई

(१५) प्रश्न ॥ साडे सात सौ सन्दूकों में २२५० कीलें लगती हैं तो १२०० सन्दूकों में कितनी कीलें लगेंगी ॥ उत्तर ३६००

(१६) प्रश्न ॥ १२ सेर खांड २॥=) की आती है तो १३ मन ३२ सेर कितनेकी

आवेगी ॥ उत्तर १३२।)

(१७) प्रश्न ॥ ३ हाथ चौड़ा और साढे इक्कीस गज़ लम्बा कपड़ा अस्तर के लिये है और उसके अबरे की छींट का अरज़ डेढ़ हाथ है तो उसके अस्तर के लिये कितनी छींट लेनी चाहिये ॥ उत्तर छींट गज़ ४३

(१८) प्रश्न ॥ १२ हाथ लम्बा और १२ हाथ चौड़ा एक बिछौना बनवाना है उसमें साढे ४ हाथ चौड़ी दरी कितने हाथ लगेगी ॥ उत्तर हाथ ३२

(१९) प्रश्न ॥ एक रुपया ५ आने एक अठवाड़े में लगते हैं तो १२५) कितने दिनों में खर्च होंगे यहां १ महीना ४ अठवाड़े का माना है ॥

उत्तर महीने २३ अठवाड़े ३ दिन ९ $\frac{1}{3}$

(२०) प्रश्न ॥ एक ज़िमीदार के साल भरमें १७३६) रुपयों की आमद है और रुपये पीछे ३)६ $\frac{1}{2}$ पाई खर्च पड़ता है तो साल भरमें खर्च देके उसे कितने रुपये बचेंगे ॥ उत्तर १४३३=)८ पाई ॥

(२१) प्रश्न ॥ देवदत्तने यज्ञ दत्त। को ढाईसौ रुपये सात महीने को व्याजू दिये परन्तु फिर देवदत्त यज्ञदत्त से तीनसौ रुपये बे व्याजू चाहने लगा तो कहो वे तीन सौ रुपये कितने दिन रहने चाहियें जिस्में उन का व्याज उतना ही हो जितना ढाई सौका सात महीनेमें होताहै ॥

उत्तर म० ५ अठ ३ दिन २ $\frac{1}{3}$

(२२) प्रश्न ॥ एक बज़ाज़ ने कपड़े की ४ गठरियां मोलली उन प्रत्येक गठरीमें सत्ताईस २ गज़ के चार २ थान हैं और हरएक थान का मोल २०) है तो सब माल की क़ीमत बताओ और वो कपड़ा क्या गज़ पड़ेगा

उत्तर सब माल का मोल ३२०) रुपये और फी गज़ दाम ॥।)

(२३) प्रश्न ॥ बंगाले में ३२ गिरह के गज़ से १ हज़ार गज़ कपड़ा ११२॥) को खरीदा और उसी कपड़े को २० गिरह के गज़से बेचना चाहते हैं परन्तु सब मालमें से साढे बारह रुपये नफ़े के बचजावें तो कहो फीगज़ के क्या दाम हुए ॥

उत्तर =)४ पाई

(२४) प्रश्न ॥ १८६) रुपये १० आने का १८ मन ३६ सेर तेल खरीदा उसमें २ मन ५ सेर तेल छीजन में गया अब चाहते हैं कि बाक़ी तेल में १०६) रु

ठा आवेंतो कहो वो तेल क्या सेर वेचना चाहिये ॥

उत्तर ।) ६ $\frac{२५}{६७२}$ पाई

(२५) प्रश्न ॥ १मन २३सेर घी ४१ ।) का खरीदा तो उसमें कितनी छाछ मिलानी चाहिये जिस्में सेर भर घी की क़ीमत ८ आने रह जायँ ॥ उ. सेर ।। -३

(२६) प्रश्न ॥ ३० सेर बोझ लेजाने के लिये २० कोस का भाडा १।) देना पड़ता है तो ३।।।) ६ का ४८ कोस के लिये क्या देना पड़ेगा ॥

उत्तर रु० १५।।।३) ४ $\frac{८}{२५}$ पाई

(२७) प्रश्न ॥ एक मनुष्य ३ महीने में इतना कमाता है जितना ४ महीने में खर्च होसके और उस की ६ महीने की कमाई १५०।।=) हैं कहो साल भर में उसे क्या बचेगा ॥ उत्तर रु० ७५।-)

(२८) प्रश्न ॥ एक साहूकार ने अपने आडतिये को मोजे की जोड़ी ५०० और गज़ी १६५० गज़ भेजी उन की दर ये है कि मोजे की फ़ी जोड़ी =) ६ पाई गज़ी फी गज़ -) ३ पाई उस्के पलटे में आडतिये ने खांड ८।।) ८ भेजी उस्के फी सेर दाम ।=) ० पाई है और गुड़ १८।।।) भेजा जिस्की फी सेर की क़ीमत -) ४ पाई अब ये बात बताओ कि किस्को माल जियादा पहुंचा ॥ उ. ३०।।।) ६ पाई ॥ आडतिये की तरफ़ ज़ियादा पहुंचा ॥

अनेक अनुपात

गणित प्रकाश में त्रैराशिक का वर्णन कर चुके हैं और उस गणित का त्रैराशिक नाम होने का ये कारण है कि उस्में तीन राशें जानी हुई होती हैं और उसमें चौथी राशि जानी जाती है ऐसे पांचराशिक के प्रश्न में ५ राशें ज्ञात होती हैं उन्से छटी राशि जानते हैं वही पंचराशिक का इच्छा फल होता है ॥

त्रैराशिक की गणित में तीनों राशें आड़ी एक पंक्ति में लिखी जाती हैं और पंचराशिक की गणित हो तो उस्की राशें दो आड़ी पंक्तिओं में लिखी जाती हैं उन पंच राशों में से तीन ऊपर की पंक्ति में और दो निचली पंक्ति में लिखते हैं प्रश्न की राशों में देखो कि उत्तर किस जाति की राशि का आवेगा उसी जाति की राशि को ऊपर की पंक्ति के तीसरे स्थान ।

में रक्खो उसे प्रमाण फल जानो और शेष चार राशों में एक जाति की दो राशे लेकर त्रैराशिक की रीतिसे अनुमान करलो कि उत्तर की राशि प्रमाण फल से छोटी आवेगी वा वड़ी जो उत्तर में वड़ी आती देखो तो जो एक जाति की दो राशें ली हैं उन्में से छोटी राशि को ऊपर की पंक्ति में पहिले स्थान में रक्खो और वड़ी को उसी पंक्ति के दूसरे स्थान में और उत्तर की राशि छोटी जान पड़े तो उन्ही दो राशों में से वड़ी को पहिले स्थान में रक्खो और छोटी को दूसरी जगह में स्थापन करो इस प्रकार ऊपर की पंक्ति में तीनो राशे अपने २ स्थान पर रख दी जाती हैं एक जाति की शेष दो राशें नीचे की पंक्ति में रक्खी जाती हैं और उनके रखने का क्रम ये है कि वे दो राशें और ऊपर वाली दो पंक्ति के तीसरे स्थान की राशे लेलो और उन तीनों को त्रैराशिक की तीन राशें जानो पर इस त्रैराशिक में भी उत्तर ऊपर वाली पंक्ति की तीसरी राशि की जाति का जानो और ऊपर वाली पंक्ति के पहिले दूसरे स्थान वाली राशों से कुछ प्रयोजन मत रखो और विचार करके देखो कि यहां उत्तर अपनी ज्ञाति की राशि से अधिक आवेगा वा न्यून जो वड़ा होतो शेष एक जाति की दो राशों में से छोटी राशि को नीचे की पंक्ति के पहिले स्थान में रक्खो और वड़ी को दूसरे स्थान में और जो उत्तर स्वल्प आता दीखे तो वडी को दूसरी पंक्ति के पहिले स्थान में और छोटी को दूसरे स्थान में रक्खो इस रीतिसे पंच राशिक की पांचो राशें दोनों पंक्ति में अपने स्थान में स्थापन की जाती हैं फिर ऊपर की पंक्ति में दूसरे स्थान की राशि को तीसरे स्थान वाली राशि में गुणा करदो और उस गुणन फल को निचली पंक्ति की दूसरी राशि से गुणा करो उसे प्रथम गुणन फल जानो॥ फिर ऊपर वाली पंक्ति की पहिली राशि को निचली पंक्ति की पहिली राशि से गुणा कर उस गुणन फल को दूसरा गुणन फल मानो॥ प्रथम गुणन फल में दूसरे गुणन फल का भाग देनेसे जो लब्धि मिले वही पंचराशिक के प्रश्न का उत्तर होगा परन्तु प्रथम ये सोच लेना चाहिये कि जिन राशों के घातसे प्रथम भाज्य और दूसरा भाजक गुणन फल बनो है उन्में से

भाजक और भाज्य की राशोंमें कोई दोराशें तुल्य होतो उन्हे निकालडालो और भाजक की किसी राशिमें जिस संख्या का पूरा भाग लग जाताहो उसी संख्याके भाज्य की किसी राशिमें पूराभाग लग सक्ताहो तो उन राशोंमें भाग देनेसे लब्धि मिले उन्हें उन राशोंकी जगह पर रक्खो फिरभी संभव देखोतो भाज्य भाजक की राशोंमें भाग देकर लब्धिलेलो जब जानो कि भाज्य भाजक के अवयव की राशोंमें एक के सिवाय किसी का भाग नहीं जासक्ता तब उन्हें अपने २ स्थान में रखकर पूर्व रीति से गुणा करके प्रथम दूसरा गुणन फल बनालो॥

भाज्य और भाजक के अवयव की राशोंमें हीन उच्च जातिका भेद होतो प्रथम उन्हे एक जाति करके फिर उनसे प्रथम और दूसरा गुणन फल बनाओ॥

(१) प्रश्न॥ जिस कुटुम्बमें ९ मनुष्य हैं उनके खर्चमें १२०) रुपये ८ महीनेमें लगतेहैं तो इसी प्रमाण से जिस कुटुम्ब में २४) मनुष्यहैं उसका १६ महीनों का क्या खर्च बैठेगा॥

यहां प्रश्न रूपजो काहै तो उत्तरमे रुपये आवेंगे इसलिये रुपयों की संख्या १२० कोऊपर वाली पंक्ति के तीसरे स्थानमें रक्खो॥ ९ और २४ मनुष्यों की संख्याहै इसकारण ये एक जातिकी संख्या हैं उनमें देखो कि नौ मनुष्य के खर्चसे २४ मनुष्यों का खर्च सिवाय पड़ेगा इस कारण से उनमेंसे अधिक राशि २४ को ऊपर की पंक्ति

मनुष्य		मनुष्य		रुपया
९	:	२४	::	१२० प्रथमपंक्ति
महीने		महीने		२४
८		१६		२८८० दूसरीपं
७२				१६

७२) ४६०८० (६४०
  ४३२
  ───
  २८८
  २८८
  ───
  ००

दूसरे स्थानमें और छोटी राशि ९ को उसी पंक्ति के पहिले स्थानमें स्थापन करो फिर ८ और १६ ये महीनों की संख्या है उनमेंभी विचारा तो ८ महीनोंसे १६ महीनोंमें अधिक खर्च पड़ेगा इसलिये उनमेंसे बड़ी राशि १६ के नीचे की पंक्ति के दूसरे स्थानमें और छोटी राशि ८ को उसी पंक्ति के पहिले स्थान में रक्खो इस रीतिसे पांचोंराशों को अपने २

स्थान में स्थापन करलो फिर १२० और २४ का गुणन फल २८८० हुआ उसे १६ से गुणा करनेसे हुए ४६०८० ये प्रथम गुणन फल हुआ ९ को ८ से गुणा किया तो ७२ हुए यही दूसरा गुणन फल हुआ फिर प्रथम गुणन फल ४६०८० में दूसरे गुणन फल ७२ का भाग देनेसे लब्धि ६४० रुपये मिले यही उत्तर हुआ ॥

दूसरी रीति से उदाहरण

$$९ : २४ :: १२०$$
$$८ \quad १६$$

$$\frac{१२० \times २४ \times १६}{९ \times ८} = \frac{४० \times ३ \times ८ \times १६}{३ \times ३ \times ८} = \frac{४० \times १६}{१}$$

= ६४० उत्तर के रुपये भए ॥

(२) प्रश्न ॥ १६ घोडे ९ मन दाना ६ दिन में खाते हैं तो २४ मन दाना ७ दिनमें कितने घोड़े खायेंगे ॥

उदाहरण

$$९ : २४ :: १६$$
$$७ \quad ६$$

$$\frac{१६ \times २४ \times ६}{९ \times ७} = \frac{१६ \times ८ \times ३ \times ३ \times २}{३ \times ३ \times ७} = \frac{१६ \times ८ \times २}{७}$$

$= \frac{२५६}{७} = ३६\frac{४}{७}$ यही उत्तर हुआ ॥

सप्त राशिक आदि की रीति लिख्यते

सप्त राशिक में सात राशें ज्ञात आठवीं अज्ञात होती है ऐसेही नव राशिक में नव ज्ञात और दसवीं अज्ञात इसी प्रकार एकादश राशिक में बारहवीं अज्ञात होती हैं पंच राशिक में पांच राशें होती हैं उनमें सिवाय और दो राशें एक जात की हों उन्हें तीसरी पंक्ति में पूर्वोक्त रीति से रक्खो और नवराशिक

होतो उनदो राशें को चौथी पंक्तिमें रक्खो जो एक जाति की दो दो राशें बढती जाअं उन्हें नीचे पंक्तिमें रखते जाओ॥ सब पंक्तिओ के दूसरे स्थान की राशें का घात करके उसे तीसरे स्थानकी राशिसे गुणा करदो वो प्रथम गुणनफलहोगा और प्रथम स्थान की राशों का घात दूसरा गुणन फलजानो फिर पूर्वोक्त रीतिसे लब्धि ला के उत्तरजानो॥ इन गणितों मेंभी भाज्य भाजक के अवयव की तुल्य दो राशें आन पडेंतो उन्हें निकालडालो और उनमें भाग देनेकी प्रा-
हीन प्ति होतो भाग देलो और उच्च जातिका भेदहोतो एकजाति करलो॥

(३) प्रश्न॥ सात गज लम्बे दो गज़ चौड़े ऐसे पांच थान ७५रुपयों के आतेहें तो वैसेही कपड़े के छे गज़ लम्बे और तीन गज़ चौडे तेरह थान कितने में आवेंगे॥

उदाहरण

लम्बे	७	:	६	::	७५ रुपये
चौडे	२	:	३		
थान	५	:	१३		

$$\frac{७५ \times १३ \times ६ \times ३}{५ \times ७ \times २} = \frac{१५ \times ५ \times १३ \times ३ \times २ \times ३}{५ \times ७ \times २} =$$

$$\frac{१५ \times १३ \times ३ \times ३}{७} = \text{उत्तर रु० २५०॥≡) ५}\tfrac{१}{७}\text{ पाई}$$

(४) प्रश्न॥ २४ गज टीले को आठ जने छ दिनमें खोदतेहें तो १८ गज टीले को तीन दिनमें कितने मनुष्य खोदेंगे॥

उत्तर मनुष्य १२

(५) प्रश्न॥ दो मनुष्य बारह बांस लम्बी खाई छे दिनमें खोदतेहें तो १८ जने चोदह दिनमें कितने बांस खाई खोदेंगे॥

उत्तर २५२ बांस

(६) प्रश्न ॥ ९३९ सिपाही ३५१ मन गेहूं ७ महीनेमें खाते हैं तो इसहि सावसे १४६४ सिपाही नौ महीनेमें कितने गेहूं खावेंगे ॥

उत्तर ७०३॥)४ - $\frac{६२५}{२१९६१}$

(७) प्रश्न ॥ किसी मकानके फर्शमें बारह हाथ लम्बे और उतनेही चौड़े ५४० चौके लगतेहैं तो दस हाथ लम्बे और आठ हाथ चौड़े। कितने चौके उस मकानके फर्श में लगेंगे ॥

उत्तर चौके ९७२

(८) प्रश्न ॥ दस घन्टे का दिन होताहै तब एक मनुष्य दस दिनमें डेढसो कोस जाताहै और जब १६ घन्टे का दिन मान होगा तो व। ही मनुष्य तीनसौ कोस के दिनमें जावेगा ॥

उत्तर दिन १२ $\frac{१}{२}$

(९) प्रश्न ॥ एक गुड़की भेली सात मनुष्यों को बारह दिनके लिये होती है इसी प्रमाणसे चोदह जनोंकी बरस दिन के लिये कितनी भेलिआ चाहिऐ ॥

उत्तर भेलिआ ६० $\frac{५}{६}$

(१०) प्रश्न ॥ जब दिन आठ घन्टेका होता है तब पचास मनुष्य एक कुए को दस दिनमें खोदतेहैं और ६ घन्टे का दिन होता है तो १२० मनुष्य कितने दिनमें खोदेंगे ॥

उत्तर दिन ५ $\frac{५}{६}$

(११) प्रश्न ॥ एक गढ को शत्रु की सेनाने आघेरा उसमें हज़ार मनुष्य थे और अठारह छटांक के अनुमानसे उनके लिये अट्ठाईस दिनको सामान था परन्तु ६०० मनुष्य उनके पास और आ जावें और उन सबों को ४२ दिन घेरेमें रहना पडे तो प्रति मनुष्य। को कितना खानेको देना चाहिये ॥

उत्तर छटांक ७ $\frac{१}{२}$

(१२) प्रश्न ॥ ६ दरजी दस जोड़े कपडे ४ दिनमें सीकर त्यार करते ॥

हैं तोबीस दरज़ी सात दिनमें कितने जोड़े कपड़े बनावेंगे॥

उत्तर जोड़े ५८ $\frac{१}{२}$

(१३) प्रश्न॥ ६ लेखकों की लिखाई के दाम २१ अठवाडों में डेढ सो रुपये होतेहैं तो चौदह लेखकों की लिखाई के दाम ४६ अठवाडों में क्या होंगे॥ उत्तर रु० ७६६॥=)८ पाई॥

(१४) प्रश्न॥ एक मन चार छटांक पर डेढ सौ कोस का भाड़ा ४=)४ पाई लगता है तो एक मन १४ सेर एक छटांक पर ६४ कोस का क्या लगेगा॥ उत्तर रु० २।=)७ $\frac{१२७}{२४१५}$ पाई

(१५) प्रश्न॥ २३० गज़ लम्बी ३ गज़ ऊंची और दो गज़ के आसार की दीवार को २७८ मनुष्य ११ घन्टे के दिनमान के पांच दिनों में बनाते हैं तो ४२० गज लम्बी पांच गज़ ऊंची और तीन गज के आसार की भीति को २४ मनुष्य ९ घन्टे का दिन मान हो तो कितने दिनों में बनावेंगे॥

उत्तर दिन २८ ८ घन्टे ३ $\frac{२५}{६९}$

अथ भिन्नरीति लिख्यते

सम्पूर्ण पदार्थ के एक मनके उसका एकभाग वा केई भाग लिये जाय उन भागो के जतलाने वाली संख्या को भिन्न कहते हैं उस भिन्न का रूप दो संख्या ओं से लिखा जाता है वे संख्या ऊपर नीचे लिखी जाती हैं उनके बीच में एक आडी लकीर होती है $\frac{१}{२}$, $\frac{२}{३}$, $\frac{३}{४}$ इत्यादि जानो इन दो सख्याओं में से लकीर के निचली संख्या को हर वा छेद कहते हैं उससे ये बात जानी जाती है कि रूप वा सम्पूर्ण पदार्थ के उतने तुल्य खण्ड किये हैं और लकीर के ऊपर वाली संख्या को अंस वा भाग या लव कहते हैं उससे ये जानना जाता है कि उस सम्पूर्ण पदार्थ में से उतने तुल्य भाग लिये हैं जैसा $\frac{२}{३}$ इससे ये बात जानी जाती है कि किसी संम्पूर्ण पदार्थ को एक मान कर उस्के तीन तुल्य खण्ड किये हैं और तीन खण्डों में से दो खण्ड लिये हैं॥

साधारण से तुम्हे भिन्नका अर्थ बताते हैं कि एक चीज़ से जो

तुल्य खण्ड किये हैं वो प्रत्येक खंड भिन्न कहाता है जैसे एक बाँस है उसके तुल्य खण्ड करोगेतो प्रत्येक खण्ड आधा२कहावेगा और तीन खण्ड करनेसे तृतीयांश और चौथा खण्ड चतुर्थांश पाँच वां पञ्चमांश छटा भाग षष्टांश सातवाँ सप्तमांस आठवां अ मांश नवां नवमांश ऐसेही दसवां ग्यारहवां सोलहवां बीसवां आदि जानो ॥

जैसा $\frac{१}{२}, \frac{१}{३}, \frac{१}{४}, \frac{१}{५}, \frac{१}{६}, \frac{१}{७}, \frac{१}{८}, \frac{१}{९}, \frac{१}{१०}, \frac{१}{११}, \frac{१}{१६}, \frac{१}{२०}$

आदि लिखने से उस चीज़ के हर की संख्या के तुल्य खंड जानों और उन खण्ड में जितने खण्ड लिये जातेहैं उतनी संख्या अंश की जगह लिखी जाती हैं जैसा एक वास के तुल्य पांच खण्ड करके उनमें से दो भाग लिये जाते हैं तो उन्हें इसी रीति से लिखेंगे $\frac{२}{५}$ और उन्हे पांचवें भागदो कहेंगे क्यों कि उसी एक पदार्थ के पांचवें भाग दो हैं कुछ दो पदार्थ का पांचवां भाग नही है ॥

समभिन्न, विषमभिन्न, भागजाति, प्रभाग जाति, भागानुवन्ध, मिश्रभिन्न, भिन्नों की ये छै संज्ञा हैं ॥

(१) समभिन्न उसे कहते हैं जिसमें हरसे अंश छोटा है॥ जैसा $\frac{३}{४}, \frac{४}{५}, \frac{५}{७}$ इत्यादि ॥

(२) विषम भिन्न उसे कहते हैं जिसमें अंश हर तुल्य हों वा हर से अंश बड़ा हो जैसा $\frac{५}{५}, \frac{८}{३}, \frac{११०}{२१}$, आदि परन्तु येभी जानोंकि जो भिन्नमें अंश और हर तुल्य होतो वो भिन्न पूरे एक के तुल्य होगा ॥

(३) भाग जाति वोहै जिसमें एक हर और एक अंश हो चाहे वो समभिन्न हो चाहे विषम भिन्न जैसा $\frac{६}{७}, \frac{१७}{६}$

(४) भाग जाति वा भाग प्रभाग भिन्न के भिन्न को कहते हैं ॥

जैसा $\frac{३}{२}$ का $\frac{१}{२}$, $\frac{५}{६}$ का $\frac{५}{३}$, आदि ॥

(५) भागानुबंध में पूर्ण रूप और भिन्न मिला हुआ होता है जैसा $८\frac{१}{५}$, $१७\frac{५}{१३}$ आदि ॥

(६) मिश्र भिन्न उसे कहते हैं जिसके हर और अंश में से एकमें भिन्न हो वा भागानु वंध हो वा दोनों में हो ॥

जैसा $\frac{२}{५}$ वा $\frac{३\frac{१}{५}}{६\frac{१}{४}}$ वा $\frac{२\frac{१}{२}}{१३}$ वा $\frac{१}{७\frac{१}{३}}$ आदि

जिस पूर्ण संख्या के नीचे कोई हर नहो उसे भिन्न करनाहो तो उसके नीचे एक का हर करतेहैं ॥

भिन्न संख्या ओंके रूप भेद करने की रीति

भिन्न संख्याओ का रूपान्तर होनेसे भिन्नका रूपभेद होताहै उसको जोडने घटाने आदि में काम पडता है ॥

प्रथम प्रकार

भिन्न संख्या का लघुतम रूप करनेकी यह रीतिहै कि भिन्न के अंश और हरमें किसी एक संख्या का निश्शेष भाग लग सक्ता होतो लब्धि लेलो और अंशकी लब्धिको अंश और हरकी लब्धि को हर मानो और उन अंश और हरमें फिर किसी का भाग लगता देखोतो भाग लेकर लब्धि लेलो ऐसे बहां तक अंश और हर में भाग देते चले जाओ जहां तक अंश और हर ऐसे हो जावें कि उनमें एक से सिवाय किसी संख्या का भाग न लग सके वही भिन्न पूर्व भिन्न का लघुतम रूप होगा ॥

अथवा

अंश और हरमें जो छोटी संख्या हो उसको बडी संख्या में भागदो और वह। संख्या मेंसे जो शेष उचरहे उसका छोटी संख्याजो

जो पहिले भाजक थी उसमें भाग दो और उसका जो शेष बचे उसी का
पूर्व शेषमें भाग दो इसी रीतिसे शेष का पूर्व शेषमें भाग देते चले जा-
ओ और जिस शेष का पर्व शेषमें निश्शेष भाग लग जाय उस सं
ख्या का भिन्न के अंश और हरमें भाग देनेसे भिन्न का लघु तम
रूप होजाता है यह अपवर्तन की रीति कहाती है और जिसका
भाग देतेहैं उसे अपवर्तक कहतेहैं और जिन्हें भाग देकर लघु
करते हैं वे अपवर्त्य कहाते हैं ॥

१ उदाहरण

$\frac{१४४}{२४०}$ इस भिन्न का लघुतम रूप बताओ ॥

(२) (२) (३) (२) (२)

$\frac{१४४}{२४०} = \frac{७२}{१२०} = \frac{३६}{६०} = \frac{१२}{२०} = \frac{६}{१०} = \frac{३}{५}$ उ० यही लघुतम रूप हुआ

वा

```
१४४) २४० (१
     १४४
 ९६) १४४ (१
      ९६
 ४८) ९६ (२
     ९६
      ०
```

$\frac{१४४ + ४८}{२४० + ४८} = \frac{३}{५}$

यही लघुतम रूप पहिले भी आया था ॥

२ उदाहरण

$\frac{४८}{२७२}$ इसका लघुतम रूप बताओ ॥ उत्तर $\frac{३}{१७}$

(३) $\frac{१९२}{५७६}$ तथा उत्तर $\frac{१}{३}$

(४) $\frac{८२५}{९६०}$ तथा . . . . . . उत्तर $\frac{५५}{६४}$

(५) $\frac{२५२}{३६४}$ तथा .. .. उत्तर $\frac{९}{१३}$

(६) $\frac{१२५४४}{१४३३६}$ तथा .. .. उत्तर $\frac{७}{८}$

(७) $\frac{१४५६}{१७६४}$ तथा .. .. उत्तर $\frac{२३}{२८}$

(८) $\frac{१४०८}{१६६४}$ तथा .. .. उत्तर $\frac{११}{१३}$

(९) $\frac{७६३१}{२६४१५}$ तथा .. .. उत्तर $\frac{१३}{४५}$

(१०) $\frac{४२२३७}{२५५८२}$ तथा .. .. उत्तर $\frac{१९}{३४}$

दूसरा प्रकार

भागानुवन्ध के रूप का सवर्णीत करके विषम भिन्न का रूप वनाने की रीति ॥ २९ ॥

भागानुबन्ध में जो रूप वा पूर्ण संख्या हो उसे भिन्न के हरसे गुणा करके उस गुणान फलमें भिन्न का अंश जोड़दो और उस योग को अंश और हरको छेद मान कर विषम भिन्नका रूप मानो ॥

(१) उदा० २७ $\frac{२}{९}$ इस का विषम भिन्न रूप कैसे होगा ॥

$$\begin{array}{r} २७ \\ ९ \\ \hline २४३ \\ २ \\ \hline २४५ \\ \hline ९ \end{array} \quad उत्तर \quad \frac{२४५}{९}$$

(२) १६ $\frac{३}{४}$ तथा .. .. .. उत्तर $\frac{७९}{४}$

(३) २२ $\frac{१}{५}$ तथा .. .. .. उत्तर $\frac{१११}{५}$

(४) ५१४ $\frac{५}{१६}$ तथा .. .. .. उत्तर $\frac{८२२९}{१६}$

(५) १०० $\frac{३९}{५९}$ तथा .. .. .. उत्तर $\frac{५९३९}{५९}$

(६) ४७ $\frac{५}{१३}$ तथा .. .. .. उत्तर $\frac{६१६}{१३}$

तीसरा प्रकरण ॥

विषम भिन्न रूप से भागानुवन्ध का रूप वा पूर्ण रूप के वनाने की रीति

अंश में हरका भाग देनेसे जो लब्धि मिले वह पूर्ण संख्या होगी और जो शेष रहे उसके नीचे हररख के उसे पूर्ण संख्या के दहिने ओर रख देतेहैं इस रीति से भागानुबन्ध का रूप हो जाता है ॥

(१) उ० $\frac{९८१}{१६}$ इस का भागानुबंध में कैसा रूप होगा ॥

१६) ९८१ (६१
 ९६
 २१
 १६
 ५

$६१\frac{५}{१६}$ उत्तर

(२) $\frac{५६}{८}$ इस का भागानुबन्ध में कैसा रूप होगा ॥ उ० ७

(३) $\frac{१२४५}{२२}$ तथा .. .. उ० $५६\frac{१३}{२२}$

(४) $\frac{३८४८}{२१}$ तथा .. .. उ० $१८३\frac{५}{२१}$

(५) $\frac{५९०७}{२५}$ तथा .. .. उ० $२३६\frac{७}{२५}$

(६) $\frac{६२२६९३}{५१४}$ तथा .. .. उ० $१२०९\frac{१८७}{५१४}$

चौथा प्रकरण

प्रभाग जाति के रूप को भाग जाति का रूप करने की रीति ॥

प्रभाग जाति में पूर्ण संख्या हो वा भागानुबन्ध का रूप हो तो उसे दूसरे प्रकार की रीतिसे विषम भिन्न करलो फिर सब अंशों को आपस में गुणा कर एक संख्या करलो और उस संख्या को अंश मानो इसी प्रकार सब हरो के घात की संख्या को हर मानो और अंश के नीचे हर को रखने से जो होगा वही साधारण भिन्न का रूप होगा॥

इस्में पहिले इस बात का ध्यान रक्खो कि अंश हरमें जो एक सी दो राशें हों उन्हें निकाल डालो जिन दो अंश और हरमें एक संख्या का पूरा भाग लग जाता हो तो भाग दे के लब्धि को उनकी जगह रखलो फिर प्रभाग जाति से साधारण भिन्न का रूप बनाओ॥

(१) उदा० $\frac{८}{११}$ का $\frac{३}{४}$ का $\frac{२}{३}$ इस प्रभाग जाति का रूप भागजाति में कैसा

होगा॥ $\frac{८\times३\times२}{११\times४\times२}=\frac{४८}{१३२}=\frac{४}{११}$ उत्तर

अथवा

$\frac{८\times३\times२}{११\times४\times३}=\frac{८\times२}{११\times४}=\frac{२\times२}{११}=\frac{४}{११}$ यह उत्तर पूर्ववत् ल्यही आया॥

(२) $\frac{३}{४}$ का $\frac{२}{३}$ ········ तथा ··· उत्तर $\frac{१}{२}$

(३) $\frac{८}{९}$ का $\frac{४}{७}$ ·· ·· तथा ··· उत्तर $\frac{३२}{६२}$

(४) $\frac{५}{८}$ का $\frac{३}{५}$ का $\frac{२}{३}$ ···· तथा ·· उत्तर $\frac{१}{४}$

(५) ६ $\frac{१}{६}$ का $\frac{२२}{५}$ ····· तथा ·· उत्तर $\frac{१२१}{३}$

(६) १२ $\frac{६}{७}$ का $\frac{३}{२००}$ ··· तथा ·· उत्तर $\frac{२७}{७०}$

(७) १० $\frac{१}{२}$ का $\frac{७}{८}$ का $\frac{४}{५}$ ··· तथा ·· उत्तर $\frac{१४७}{२०}$

पांचवां प्रकरण

जिन भिन्नों कि हर अलग २ हो उनके ऐसे रूपांतर करनेकी रीति कि वे भिन्न अपने पूर्व्व रूपोंके तुल्य बनेरहें और उन सभोंके हरसे हो जावें॥

रीति

कदाचित् भिन्नमें कोई पूर्ण संख्या वा भागानुबंध वा प्रभागजाति होतो उन्हें पूर्वोक्त रीतिमें साधारण भिन्न करलो फिर प्रत्येक हरमे अपना २ अंश छोड़कर शेष अंशोंको गुण करदो और जो गुणन फल होवे नवीन अंश होगे और सब हरोंके घातसे जो संख्या होगी वह समच्छेद रूप हर होगा॥

(१) उदाहरण $\frac{१}{२}$ $\frac{३}{५}$ $\frac{४}{७}$ इनके ऐसे रूपान्तर बताओ कि सभों के एकसे हर हों॥

$१\times५\times७=३५$ यह नवीन अंश $\frac{१}{२}$ का है॥

$३\times२\times७=४२$ तथा $\frac{३}{५}$ का है॥

$४\times२\times५=४०$ तथा $\frac{४}{७}$ का है॥

$२\times५\times७=७०$ यह समच्छेद है॥

कथित भिन्नोंके तुल्य नवीन भिन्न ये हैं॥

$\frac{३५}{७०}$ $\frac{४२}{७०}$ $\frac{४०}{७०}$ यही प्रश्न का उत्तर है ॥

(२) $\frac{२}{३}$ $\frac{४}{५}$ तथा – उत्तर . . . . . . $\frac{१०}{१५}$ $\frac{१२}{१५}$

(३) $\frac{१}{२}$ $\frac{१}{३}$ $\frac{१}{४}$ तथा – उत्तर . . . . . . $\frac{१२}{२४}$ $\frac{८}{२४}$ $\frac{६}{२४}$

(४) $\frac{१}{२}$ $\frac{२}{३}$ $\frac{५}{६}$ $\frac{७}{८}$ तथा – उत्तर . . . . . . $\frac{१४४}{२८८}$ $\frac{१९२}{२८८}$ $\frac{२४०}{२८८}$ $\frac{२५२}{२८८}$

(५) $\frac{१}{३}$ १ $\frac{१}{५}$ का २ $\frac{२}{१९}$ $\frac{१}{४}$ तथा – उत्तर $\frac{६०}{२२८०}$ $\frac{१३६८}{२२८०}$ $\frac{२४०}{२२८०}$ $\frac{५७०}{२२८०}$

(६) $\frac{२१}{२३}$ १ $\frac{१}{४}$ का $\frac{३}{४}$ $\frac{८}{११}$ $\frac{५}{७}$ तथा उत्तर $\frac{१३५५२}{१६०१६}$, $\frac{१५०१५}{१६०१६}$, $\frac{१३१३४}{१६०१६}$, $\frac{१३५५०}{१६०३३}$

समच्छेद की दूसरी रीति लिखते हैं

भिन्न के समच्छेद करने की ऐसी रीति कि जिसमें रूपान्तर लघुतम हों ॥

१–लघुतम हर जानने की रीति है कि जिन दो हरों का घात करो उन का बड़ा अपवर्त्तक निकाल लो फिर उस अपवर्त्तक को उन दोनों हरों के घात में भाग दो जो लब्धि मिले उसका और तीसरे हर का बड़ा अपवर्त्तक निकाल लो लब्धि और तीसरे हर के घात में उस अपवर्त्तक का भाग देकर लब्धि लेलो और जो चौथा हर हो तो उस लब्धि और चौथे हर के साथ पूर्वोक्त क्रिया करो इसी रीति से अंत में जाके जो लब्धि मिले उसे ही लघुत्तम समच्छेद जानो ॥

२–लघुतम समच्छेद के लघुत्तम अंशों के लाने की यह रीति है कि लघुतम समच्छेद में जिस भिन्न के पूर्व्व हर का भाग देने से जो लब्धि मिले उससे उसी हर के अंश को गुणा करदो वह उस भिन्न का नवीन अंश होगा ऐसे ही और भिन्नों के नये अंश जानलो और उन नवीन अंशों के नीचे समच्छेद वही होगा जो पहिले लघुतम समच्छेद आया था ॥

(१) उदा० $\frac{१}{२}$, $\frac{३}{४}$, $\frac{५}{६}$, इन भिन्नों के सदृश और भिन्न बतलाओ जिनके हर तुल्य हों ॥ $\frac{२\times४}{२}=४$ $\frac{४\times६}{२}=१२$

यही लघुतम समच्छेद है

$\frac{१२\times१}{२}=६$ $\frac{१२\times३}{४}=९$, $\frac{१२\times५}{६}=१४$

६, ८, १० ये नवीन अंश हुये और

$\frac{६}{१२}$, $\frac{८}{१२}$, $\frac{१०}{१२}$ ये नवीन भिन्न उन भिन्नों के रूपांतर हैं

(२) $\frac{७}{१२}$, $\frac{११}{१८}$, तथा .... उत्तर $\frac{२१}{३६}$, $\frac{२२}{३६}$

(३) $\frac{१}{२}$, $\frac{२}{३}$, $\frac{३}{४}$, $\frac{५}{६}$, तथा .... उत्तर $\frac{६}{१२}$, $\frac{८}{१२}$, $\frac{९}{१२}$, $\frac{१०}{१२}$

(४) $\frac{२}{५}$, $\frac{२}{३}$, $\frac{५}{९}$, $\frac{७}{१०}$ तथा .... उत्तर $\frac{३६}{९०}$ $\frac{६०}{९०}$ $\frac{५०}{९०}$ $\frac{६३}{९०}$

(५) $\frac{१}{७}$, $\frac{३}{८}$, $\frac{४}{९}$ $\frac{५}{२४}$, $\frac{७}{७२}$ तथा .. उत्तर $\frac{७२}{५०४}$ $\frac{१८९}{५०४}$ $\frac{२२४}{५०४}$ $\frac{१०५}{५०४}$ $\frac{४९}{५०४}$

(६) $\frac{१}{३}$, $\frac{३}{४}$, $\frac{५}{६}$, $\frac{७}{८}$, $\frac{११}{१६}$, $\frac{१७}{२४}$ तथा उ० $\frac{१६}{४८}$ $\frac{३६}{४८}$ $\frac{४०}{४८}$ $\frac{४२}{४८}$ $\frac{३३}{४८}$ $\frac{३४}{४८}$

छटा प्रकार

एक जाति के भिन्न के समान अन्य जाति का भिन्न बनाने की रीति ॥

हीन जाति को उच्च जाति करना होतो उस हीन जातिके हरको उस संख्या से गुणा करदो जिस संख्या का हीन जातिमें भाग देनेसे उच्च जाति होती हो और जो उच्च जातिसे हीन जाति करनी होतो उसके अंशों को उसी संख्यामें गुणा करदो जिस्से गुणा करनेसे वह हीन जाति होती हो ॥

(१) उदा० पाई के $\frac{५}{६}$ भाग को रूपये की जाति के रूपमें लिख कर बताओ ॥

$$\frac{५}{६ \times १२ \times १६} = \frac{५}{११५२}$$

(२) उदा० एक रुपये के $\frac{७}{१८}$ भाग को पाई के रूप में लिखो ॥

$$\frac{७ \times १६ \times १२}{१८} = \frac{७ \times १६ \times २ \times ६}{६ \times ३} = \frac{७ \times १६ \times २}{३} = \frac{२२४}{३}$$

(३) एक रुपये के $\frac{५}{९}$ को पाई के रूप में लिखो ॥ उत्तर $\frac{३२०}{३}$

(४) एक मनके $\frac{६}{७}$ को छटांक करके लिखो ॥

उत्तर $\frac{३८४०}{७}$

(५) महीनेके $\frac{३}{१३}$ भाग को दिन करके लिखो ॥ उ० $\frac{९०}{१३}$

(६) ।३)३ को रुपये के रूपमें लिखो ॥ .... उ० $\frac{२९}{६४}$

(७) ऽ६॥ को मन के रूपमें लिखो ॥ ... उत्तर $\frac{१३}{८०}$

सातवाँ प्रकार ॥

किसी भिन्न का मिश्रित नीची जाति ॥
में प्रमाण जानने की रीति ॥

किसी जाति का भिन्न हो उसे संख्या से गुण करो जिस्से उस की आसन्न हीन जाति हो जाय और उस गुणन फलमें हरका भाग देकर उस जाति की लब्धि लेलो और जो शेष बचे उसे फिर उस संख्या से गुण करो जिस्से हर अपने आसन की हीन जाति हो जावे उसमें हरको भाग देकर उस जाति की लब्धि लेलो ऐसे जहाँ तक हीन जाति मिले वहाँतक करते चले जाओ और अन्त में शेष रहै उसके नीचे हर रखदो उन सब लब्धी को क्रमसे रखने से प्रश्न का उत्तर होगा ॥

(१) उदा० एक आने के $\frac{५}{७}$ भाग का हीन जाति में प्रमाण बताओ ॥

$$७)\ \frac{५ \times १२}{६०}$$

पाई ८ $\frac{४}{७}$ उत्तर हुआ

(२) एक रुपये के $\frac{३}{८}$ का हीन जाति में क्या प्रमाण होगा ॥

उत्तर ।=) हुआ

(३) एक मुहर के $\frac{२}{९}$ भाग के क्या दाम होंगे ॥ इस प्रश्नमें १६ रुपये की मुहर जानों ॥ उत्तर ३॥) १० $\frac{२}{३}$ पाई ॥

(४) एक गज के $\frac{५}{९}$ का क्या प्रमाण होगा ॥

उत्तर हाथ १ अंगुल $\frac{२}{३}$

(५) एक पनसेरी के $\frac{३}{८}$ की क्या तोल होगी ॥

उत्तर सेर १ छटांक १४ ॥

(६) एक मन के $\frac{७}{९}$ का क्या प्रमाण होगा ॥

उत्तर सेर ३१ छटांक १ $\frac{७}{९}$ ॥

(७) एक दिनके $\frac{७}{१२}$ का क्या प्रमाण होगा ॥

इस प्रश्न में ४ पहर का दिन जानो और ७ $\frac{१}{२}$ घड़ी का पहर

उत्तर पहर २ घड़ी १ $\frac{९}{३}$

आठवाँ प्रकार ॥

मिश्र भिन्नो को साधारण भिन्न के रूप में करने की रीति ॥

मिश्र भिन्न के अंश वा हर में भिन्न राशि हो अथवा अंश और हर दोनों में भिन्न राशि हो तो अंश के हर से हर के अंश को गुणा करदो वह हर होगा और हर के हर से अंश के अंश को गुणाकरने से अंश होगा उन अंश और हर से साधारण भिन्न का रूप वनेगा कदाचित अंश वा हर में भागानुवंध हो तो पूर्वोक्त रीति से भागानुवंध को साधारण भिन्न के रूप में करलो फिर उन अंश और हर से साधारण भिन्न वनाओ ॥

(१) उ० $\frac{२\frac{१}{२}}{७}$, $\frac{३\frac{१}{४}}{६\frac{१}{३}}$ इन मिश्र भिन्नों का रूप भिन्न में करके बताओ ॥

$$\frac{२\frac{१}{२}}{७}=\frac{\frac{५}{२}}{७}=\frac{५}{१४}$$ और $$\frac{३\frac{१}{४}}{६\frac{१}{३}}=\frac{\frac{१३}{४}}{\frac{१९}{३}}=\frac{३९}{७६}$$ उत्तर ॥

(२) $\frac{\frac{४}{१}}{५\frac{१}{४}}$ इस का साधारण भिन्न करके रूप बताओ ॥ उत्तर $\frac{१६}{२१}$

(३) $\frac{६\frac{३}{५}}{३}$ तथा .. .. उत्तर $\frac{४६}{१५}$

(४) $\frac{२\frac{१}{८}}{३\frac{१}{६}}$ तथा .. .. उत्तर $\frac{५१}{७६}$

(५) $\frac{७\frac{२}{३}}{५\frac{५}{६}}$ तथा .. .. उत्तर $\frac{४५}{५६}$

(६) $\frac{२०\frac{१}{९}}{२२\frac{१}{१२}}$ तथा .. .. उ० $\frac{७२४}{७९५}$

अथ भिन्न संकलन

भिन्न संकलन में पहिले भिन्नों के साधारण भिन्न करलो और हीन जाति का भेद होतो उनकी एक जाति भी करलो फिर उन भिन्नोंके पूर्वोक्त रीतिसे समच्छेद करके उनके अंशों को जोड़ दो और उसे योगके नीचे समच्छेद की संख्या का हर रखदो वही भिन्नों का योग होगा॥

इस बात परभी ध्यान रक्खो कि यदि भागानुबंधो का वा कई भागानुबंध और भिन्नों का योग करना होतो उन भागानुबंधो की पूर्ण संख्या ओंका योग करलो और शेष भिन्नोंका समच्छेद करके उनका योग करलो और वह योग विषम भिन्न होतो उसमें से संख्या अलग करके पहिले पूर्ण संख्या के योगमें जोड़दो और शेष भिन्न को भागानु बंध की नाई उस योगके दाहिनी ओर रख दो॥

(१) उदा० $\frac{२}{३}$ $\frac{३}{४}$ इन का योग करके बताओ॥

$$\left.\begin{array}{l} २ \times ४ = ८ \\ ३ \times ३ = ९ \end{array}\right\}$$ अंश हुये

$३ \times ४ = १२$ समच्छेद

इस कारण $\frac{८}{१२} + \frac{९}{१२} = \frac{१७}{१२}$ $१\frac{५}{१२}$ यह योग हुवा

(२) $२\frac{१}{३}$ $\frac{४}{५}$ और $\frac{३}{४}$ का $\frac{१}{२}$, इनका योग कहो॥

$२\frac{१}{३} = \frac{७}{३}$ और $\frac{३}{४}$ का $\frac{१}{२} = \frac{३}{८}$ इस कारण

$\frac{७}{३}$ $\frac{३}{८}$ और $\frac{४}{५}$ ये भिन्न हुये

$$\left.\begin{array}{l} ७ \times ८ \times ५ = २८० \\ ३ \times ३ \times ५ = ४५ \\ ४ \times ३ \times ८ = ९६ \end{array}\right]$$

$३ \times ८ \times ५ = १२०$ समच्छेद

और $२८० + ४५ + ९६ = \frac{४२१}{१२०} = ३\frac{६१}{१२०}$ उत्तर

(३) रु० $\frac{१}{७}$ आने $\frac{२}{३}$ पाई $\frac{५}{१२}$ इन का योग कहो॥

रु० $\frac{१}{७} = \frac{१ \times १६ \times १२}{७} = \frac{१९२}{७}$ पाई

आना $\frac{२}{९} = \frac{२ \times १२}{९} = \frac{२४}{९}$ पाई

जोड़ने के योग्य ये भिन्न हुये $\frac{१९२}{७} + \frac{२४}{९} + \frac{५}{१२}$

लघुतम समच्छेद की क्रिया से भिन्नों के ये रूपान्तर हुये

$\frac{६९१२}{२५२} + \frac{६७२}{२५२} + \frac{१०५}{२५२} = \frac{६९१२ \times ६७२ \times १०५}{२५२}$

$\frac{७६८९}{२५२}$ = पाई ३० $\frac{१२९}{२५२}$ = =) पाई ६ $\frac{१२९}{२५२}$ उत्तर

(४) $\frac{३}{७}$ और $\frac{५}{११}$ का योग्य क्या होगा ॥ ... उत्तर $\frac{६८}{७७}$

(५) $\frac{१}{२}$ $\frac{१}{३}$ $\frac{१}{४}$ ...... तथा ...... उत्तर १ $\frac{१}{१२}$

(६) $\frac{२}{५}$ ६ $\frac{१}{४}$ ...... तथा .. .. .. उत्तर ६ $\frac{१३}{२०}$

(७) $\frac{५}{८}$ ७ $\frac{१}{२}$ $\frac{३}{४}$ का $\frac{१}{३}$ तथा .. .. .. उत्तर ८ $\frac{३}{८}$

(८) $\frac{३}{५}$ $\frac{१}{३}$ का $\frac{४}{५}$ और $\frac{३}{२०}$ तथा .. .. उत्तर १ $\frac{१}{६०}$

(९) ६ $\frac{७}{८}$ का $\frac{८}{१०}$ $\frac{१}{२}$ का $\frac{५}{७}$ और ७ $\frac{१}{२}$ तथा .. उत्तर १३ $\frac{१०९}{११२}$

(१०) ५५ $\frac{१}{२}$ १०६ $\frac{६}{७}$ २ $\frac{९}{१०}$ .. तथा ...... उत्तर १६५ $\frac{९}{३५}$

(११) १००० $\frac{२}{५}$ ७४ $\frac{५}{९}$ और ६ $\frac{२}{४५}$ तथा .... उत्तर १०८१

(१२) एक सप्ताह का $\frac{१}{३}$ एक दिन का $\frac{१}{४}$ एक घंटे का $\frac{१}{२}$ इनका योग कहो ॥ ...... उत्तर दिन २ घंटे १४ $\frac{१}{२}$

(१३) रु० १५ का $\frac{२}{७}$ रु० २ $\frac{३}{७}$ रु० $\frac{३}{५}$ के $\frac{५}{७}$ का $\frac{१}{३}$ आ० $\frac{३}{७}$ का $\frac{२}{३}$ इन का योग कहो ॥

उत्तर ७।=)

(१४) मन ६ $\frac{४}{७}$ सेर ८ $\frac{५}{९}$ छटांक २ $\frac{९}{१०}$ इन का योग बताओ ॥

उत्तर मन ६ सेर ३१ छटांक १४ $\frac{१९९}{२१०}$

(१५) गज़ ४ $\frac{१}{४}$ हाथ २ $\frac{३}{४}$ गिरह $\frac{७}{५}$ इन का योग्य बताओ ॥

उत्तर गज़ ५ हाथ १ गिरह ७ $\frac{२}{५}$

भिन्न व्यव कलन की रीति ॥

जिन भिन्नों को अन्तर करने से संभव हो तो पहिले उनके समच्छेद पूर्वोक्त रीति से करलो और उन समच्छेद के भिन्नों के अंशों का

अन्तर करके उसके नीचे समच्छेद की संख्या का हर लिख दो वही भिन्नों का स्वरूप भिन्नोंके अन्तर का प्रमाण होगा इस बात पेभी दृष्टि रक्खो कि जो बड़े भागानुबन्धों का वा भागानुबन्ध सा धारण भिन्न का अन्तर करना होतो उनकी पूर्ण संख्या ओं का अन्तर करके पहिले अलग लिखलो और जो पहिली राशि जिस में से दूसरी राशि को घटाओ उसके भिन्न का मान दूसरी राशि के भिन्न के मान से बड़ा होतो भिन्न संख्या ओंके अन्तर कोपूर्वो क्त संख्या के अन्तर में जोड़ दो और जो छोटा होता घटादो ॥

(१) उदा॰ $\frac{३}{४}$ और $\frac{५}{७}$ इनका अन्तर बताओ ॥

$$\left.\begin{array}{l} ३ \times ७ = २१ \\ ५ \times ४ = २० \\ ४ \times ७ = २८ \end{array}\right]$$

४ × ७ = २८ हर

इस लिये $\frac{२१ - २०}{२८} = \frac{१}{२८}$

(२) $\frac{२}{३}$ और $\frac{३}{७}$ का $\frac{२}{९}$ इनका अन्तर क्या होगा ॥

$\frac{३}{७}$ का $\frac{२}{९} = \frac{६}{६३} = \frac{२}{२१}$ और $\frac{२}{३} = \frac{१४}{२१}$

इस लिये $\frac{१४}{२१} - \frac{२}{२१} = \frac{१२}{२१} = \frac{४}{७}$ यही उत्तर हुआ ॥

(३) $\frac{२}{३}$ और $\frac{७}{९}$ का क्या अन्तर होगा ॥ ... उत्तर $\frac{१}{९}$

(४) $\frac{७}{११}$ और $\frac{८}{१३}$ इनकाभी अन्तर बताओ ॥ उत्तर $\frac{३}{१४३}$

(५) $\frac{६७}{१००}$ और $\frac{३}{७}$ इनकाभी अन्तर बताओ ॥ उत्तर $\frac{१६९}{७००}$

(६) १७५ और $\frac{१४३}{७}$ इनकाभी अन्तर कहो ॥

उत्तर १५४ $\frac{४}{७}$

(७) २१५ $\frac{१}{४}$ और १६ का $\frac{३}{३}$ इनका अन्तर क्या होगा ॥

उत्तर २०१ $\frac{७}{१२}$

(८) =) पाई ६ $\frac{१२९}{२५२}$ और रुपया $\frac{१}{७}$ इनका अन्तर बताओ ॥

उत्तर पाई ३ [illegible]/१२ × $\frac{१}{४}$

(९) दिन २ घन्टे १४ $\frac{१}{२}$ इनके योगमें से दिन और घंटा $\frac{१}{२}$ इन

का योग घटानेसे क्या शेष रहैगा ॥ उत्तर दिन २ घंटे ८

(१०) ७॥≡) मेंसे रु० ३ $\frac{३}{७}$ और रु० $\frac{२}{५}$ का $\frac{४}{७}$ का $\frac{२}{३}$ और आने $\frac{३}{७}$ का $\frac{३}{४}$ इनका योग घटाया तो क्या शेष रहेगा ॥

उत्तर रु० ४।) पाई २ $\frac{५}{७}$

(११) सेर ३१ छटांक १३ $\frac{१६६}{२१०}$ मेंसे सेर ८ $\frac{५}{६}$ छटांक ३ $\frac{६}{१०}$ का योग घटानेसे क्या शेष रहेगा ॥ उत्तर सेर २२ छटांक १२ $\frac{५}{७}$

(१२) गज़ ५ हाथ १ गिरह ७ $\frac{३}{५}$ मेंसे हाथ २ $\frac{३}{४}$ गिरह $\frac{३}{५}$ घटानेसे क्या रहेगा ॥ . . . . उ० गज ४ हाथ १

भिन्न गुणन

गुण्य और गुणक के भिन्नों को साधारण भिन्न करने की आवश्यकता हो तो पूर्वोक्त रीतिसे करलो फिर गुण्य गुणक के अंशों के घातसे अंश और हरोंके घातसे हर होगा और उसी नवीन भिन्न को गुणन फल कहते हैं ॥

कदाचित् गुण्य और गुणक मेंसे एक पूर्ण संख्या और दूसरा वड़ा भागानुबंध हो तो पूर्ण संख्यासे भागानुबंध की पूर्ण संख्या को अलग गुणा करके उसे पूर्ण संख्या मानो और गुणक की संख्यासे भिन्न के अंश को भी गुणा करदो और उस भिन्न के गुणन फलमें अपने हरका भाग देनेसे जो पूर्ण संख्या मिले उसे पहिली पूर्ण संख्या में मिला कर शेष भिन्न को उस संख्या के दाहिनी रख दो वही भागानुबंध गुणन फल है पूर्ण संख्या और ओंका गुणन फल गुण्य और गुणक से वड़ा होता है परन्तु समभिन्नों का गुणन फल गुण्य और गुणकसे छोटा होता है ॥

(१) उदा० $\frac{४}{५}$ और $\frac{७}{८}$ इन्हें आपसमें गुणा करके गुणन फल बताओ ॥

$$\frac{४ \times ७}{५ \times ८} = \frac{२८}{४०} = \frac{१४}{२०} = \frac{७}{१०}$$ यही उत्तर हुआ ॥

(२) २ $\frac{१}{२}$, $\frac{१}{८}$, $\frac{५}{६}$ का $\frac{१}{३}$ इनका क्रम गुणन कहो ॥

$२\frac{१}{२} = \frac{५}{२}$ और $\frac{५}{६}$ का $\frac{१}{३} = \frac{५}{१८}$

$\frac{५}{२} \times \frac{३}{८} \times \frac{५}{१८} = \frac{५ \times १ \times ५}{२ \times ८ \times ५} = \frac{२५}{२८८}$

(३) $\frac{४}{३५}$ को $\frac{५}{२४}$ से गुणा करके कहो ॥ ······· उ० $\frac{१}{२८}$

(४) $४\frac{१}{२}$ को $\frac{३}{८}$ से गुणा कर बताओ ॥ ······· उ० $\frac{६}{१६}$

(५) ७ के $\frac{१}{२}$ को $\frac{१}{२}$ से गुणा तो क्या होगा ॥ ······ उ० $१\frac{३}{४}$

(६) १३ को २ $\frac{१}{२}$ से गुणा तो क्या होगा ॥ ······· उ० ३२ $\frac{१}{२}$

(७) १०१७ $\frac{२}{३}$ को ३५ से गुणा कर बताओ ॥ उ० ३५६१८ $\frac{१}{३}$

(८) $\frac{५२}{३}$ को ४ के $\frac{१}{२}$ से गुणा करो ॥ ········ उ० ४३ $\frac{१}{३}$

(९) $\frac{३}{५}$ के $\frac{२}{६}$ को ३ $\frac{२}{७}$ के $\frac{५}{६}$ से गुणा कर कहो ॥ ······· उ० $\frac{२३}{८४}$

(१०) ४ $\frac{१}{२}$ $\frac{१}{७}$ का $\frac{१}{४}$ और १८ $\frac{४}{५}$ इनका क्रम गुणन करके कहो ॥

उत्तर ··················· ६ $\frac{६}{१४०}$

(११) $\frac{२}{३}$ ३ $\frac{१}{४}$, ५ और $\frac{३}{५}$ का $\frac{३}{४}$ इनका क्रम गुणन करके फल कहो ॥ उत्तर ·· ·· ·· ·· ·· ४ $\frac{२}{८}$

(१२) ५, $\frac{२}{३}$ $\frac{३}{५}$ का $\frac{२}{७}$ ४ $\frac{१}{६}$ इनका गुणन फल कहो ॥

उत्तर २ $\frac{८}{२१}$

(१३) १४ $\frac{५}{६}$ ९ का $\frac{४}{५}$ ६ $\frac{२}{७}$ इनका क्रम गुणन फल कहो ॥

उत्तर ६७१ $\frac{११}{३५}$

(१४) १४ $\frac{७}{८}$ २ $\frac{१}{२}$ ४ $\frac{१}{२}$ का $\frac{१}{३}$ इन्हें भी क्रम से गुणा कर गुणन फल बताओ ॥ ·· ·· ·· ·· उत्तर ५१ $\frac{३७}{४८}$

(१५) १०३ $\frac{१}{३}$ २०२ $\frac{१}{७}$ ५ $\frac{१}{६}$ और ७ $\frac{१}{४}$ का $\frac{१}{२}$ इनका भी क्रम गुणन फल कहो ॥ उत्तर ३०३६४४ $\frac{५३}{६३}$

(१६) ५ $\frac{१}{२}$ का $\frac{१}{५}$ ११ का $\frac{२}{८}$ और $\frac{११}{२०४}$ इनका क्रम गुणन फल बताओ ॥

उत्तर $\frac{१५७३}{९१८०}$

भिन्न भाग

संभव हो तो भाज्य और भाजक को पहिले की नाईं भाग जाति कर लो फिर भाजक के अंश हर को उलट दो अर्थात् अंश को ।

हर की जगह और हर को अंश की जगह रखलो फिर भिन्न गुणन कीरीति करो तो भिन्न भाग हर का फल होगा ॥

कदाचित् भाजक में पूर्ण संख्या और भाज्यमें भागानुबंध होतो भाज्यका पूर्ण संख्या में पहिले भाजक का भाग देलो फिर उसका भिन्नमें भाग देदो और उसे पूर्व लब्धि की ओर रक्खो ॥

(१) उदा० $\frac{४}{७}$ में $\frac{३}{५}$ का भाग देनेसे क्या मिलेगा ॥

$\frac{४}{७} \div \frac{३}{५} = \frac{४}{७} \times \frac{५}{३} = \frac{२०}{२१}$ यही उत्तर होगा ॥

(२) १९ के $\frac{१}{५}$ में $\frac{३}{४}$ के $\frac{२}{३}$ का भाग देनेसे क्या मिलेगा ॥

१९ का $\frac{१}{५} = \frac{१९}{५}$ और $\frac{३}{४}$ का $\frac{२}{३} = \frac{६}{१२} = \frac{१}{२}$

$\frac{१९}{५} \div \frac{१}{२} = \frac{३८}{५} = ७\frac{३}{५}$ यही लब्धि हुई ॥

लब्धि

(३) $\frac{४}{७}$ में $\frac{२}{३}$ का भाग देनेसे क्या मिलेगा ॥ उत्तर $\frac{६}{७}$

(४) $३\frac{१}{६}$ मेंसे $९\frac{१}{२}$ का भाग देनेसे क्या मिलेगा ॥ उ० $\frac{१}{३}$

(५) $९\frac{१}{६}$ में ७ के $\frac{१}{२}$ का भाग देनेसे क्या मिलेगा ॥ उ० $२\frac{१३}{२१}$

(६) ५ में $\frac{७}{१०}$ का भाग देकर लब्धि बताओ ॥ उ० $७\frac{१}{७}$

(७) $\frac{७}{८}$ में ४ का भाग देके लब्धि कहो ॥ उ० $\frac{७}{३२}$

(८) $\frac{२}{३}$ के $\frac{१}{२}$ में $\frac{३}{४}$ के $\frac{२}{३}$ का भाग देनेसे क्या लब्धि मिलेगी ॥

उ० $\frac{२}{३}$

(९) $५२०५\frac{१}{५}$ में १२ का भाग देकर लब्धि बताओ. उ० $४३३\frac{१}{५}$

(१०) १०० में $४\frac{७}{८}$ का भाग देनेसे क्या लब्धि मिलेगी ॥ उ० $२०\frac{२०}{३९}$

(११) $\frac{७}{८}$ के $\frac{३}{४}$ में $\frac{२}{३}$ का भाग देकर लब्धि बताओ ॥ उ० $\frac{६३}{६४}$

(१२) ५ के $\frac{५}{६}$ में $५\frac{१}{२}$ का भाग दियातो क्या लब्धि मिलेगी ॥

उ० $६\frac{७}{२७}$

अथ भिन्न त्रैराशिक की रीति ॥

अभिन्न त्रैराशिक की गणित में जिस प्रकार से तीन राशों को स्थापन करते हैं उसी प्रकार से भिन्न त्रैराशिक में भी राशें स्थापन की जाती हैं उसमें जो राशि साधारण भिन्न करने के योग्य हो उसे कर

लेतेहैं फिर पहले स्थान और दूसरे स्थान की राशिओं को एकजाति कर के दूसरे और तीसरे स्थान की राशिओं का घात करदेते हैं और पहली राशि के हर अंश को पलटके जो भिन्न हो उससे दूसरी तीसरी के गुणन फल को गुणा करनेसे जो गुणन फल होता है भिन्न त्रैराशिक में वही प्रश्न का उत्तर होता है पर यह बातभी जान रक्खो कि जिस जाति की तीसरी राशि होती है उसी जाति का उत्तर भी आता है॥

(१) उदा० गज $\frac{३}{५}$ का मोल रुपया $\frac{७}{१२}$ है तो $\frac{६}{५५}$ गज का क्या मोल होगा॥

ग०　　ग०　　ग०

$\frac{३}{५}$: $\frac{६}{५५}$ :: $\frac{७}{१२}$

$\frac{६}{५५} \times \frac{७}{१२} \times \frac{५}{३}$ = रु० $\frac{७}{६६}$ = ।=) पाई २ $\frac{२}{३}$ उत्तर

(२) अस्तर का कपड़ा ९ $\frac{१}{२}$ गज लंबा और उसका अर्ज़ २ $\frac{१}{२}$ गज है और उसके अबरे की छींट का अर्ज़ $\frac{३}{४}$ गज है तो उस अस्तर के लिये कितनी छींट लेनी चाहिये॥

२ $\frac{१}{२}$ = $\frac{५}{२}$ और ९ $\frac{१}{२}$ = $\frac{१९}{२}$

ग०　　ग०　　ग०

$\frac{३}{४}$　　$\frac{५}{२}$　　$\frac{१९}{२}$

$\frac{५}{२} \times \frac{१९}{२} \times \frac{४}{३} = \frac{९५}{३}$ = ग. ३१ $\frac{२}{३}$ उत्तर

(३) $\frac{३}{५}$ गज मोल $\frac{४}{१५}$ रुपये हैं तो १२ $\frac{२}{३}$ गज के क्या दाम होंगे॥

उ० रुपये ५॥=) पाई $\frac{८}{९}$

(४) $\frac{५}{८}$ मन का मोल ४ $\frac{७}{८}$ रुपये हैं तो ४ $\frac{१}{२}$ सेर का क्या मोल मिलेगा

उ० ।।।-) पाई ९ $\frac{३}{२५}$

(५) एक गद्दी गज भर लंबी और उतनी ही चौडी है उस की चद्दर बनाने के लिये जो कपडा लेना चाहते हैं उस का अर्ज़ ० $\frac{७}{८}$ गिरह का है तो वह चद्दर का कपड़ा कितना लेना चाहिये॥

उत्तर . . . . गज़ २ गिरह $\frac{३२}{३५}$

(६) नाव में जो माल लदा हुआ है उसमें से $\frac{३}{१६}$ भाग का मोल

२७३=)८ पाई हैं तो उसी भाग के भाग $\frac{३}{२}$ का क्या मोल होगा ॥

